भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3167**
**22 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए नियत**

**भारी उद्योग के लिए पीएलआई योजना**

**3167. श्रीमती लॉकेट चटर्जी:**
क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का भारी उद्योगों के विद्युत/ऊर्जा उपयोग को विद्युत/ऊर्जा के अधिक नवीकरणीय स्रोतों में स्थानांतरित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार 'मेक इन इंडिया' पहल के अंतर्गत इस क्षेत्र के लिए कोई नई उत्पादकता संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू करने की योजना बना रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

**(क):** महोदय, भारत की विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ाने के लिए मंत्रिमंडल ने *आत्मनिर्भर भारत* पहल के अंतर्गत 10 प्रमुख क्षेत्रों के लिए पीएलआई स्कीम 11 नवंबर, 2020 को शुरू करने को मंजूरी दी थी। मंत्रिमंडल द्वारा जिन 10 क्षेत्रों के लिए पीएलआई शुरू करने की मंजूरी दी गई थी, उनमें से एक क्षेत्र उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूलों में गीगा वाट (जीडब्ल्यू) पैमाने की विनिर्माण क्षमता हासिल करने के लिए 'उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल' का था।

**(ख) और (ग):** महोदय, भारी उद्योग मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

******